**<u>मूल हिंदी में</u>**

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3124**

20.03.2023 को उत्तर के लिए

**वायु प्रदूषण और स्मोग**

**3124. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:**
**श्री अरविंद सावंत:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न शहरों में वायु प्रदूषण और स्मोग की बारहमासी समस्या की पहचान करने के लिए कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) समग्र प्रदूषण के संदर्भ में प्रत्येक प्रदूषक कारक द्वारा उत्पन्न प्रदूषण का ब्यौरा क्या है;

(घ) पूर्व में किए गए नीतिगत हस्तक्षेप की असफलता सहित उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए राज्य-वार क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) प्रदूषण फैलाने वाली संस्थाओं के विरूद्ध की गई सख्त कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

**(क) से (च) :** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने जनवरी, 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया था जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों को शामिल करके 131 शहरों (24 राज्यों में लक्ष्य को प्राप्त न करने वाले शहरों तथा दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में) में वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस कार्यक्रम में आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2025-26 तक विविक्त कण10 (पीएम10) की सांद्रता में 40 प्रतिशत तक की कमी या राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों को हासिल करने की परिकल्पना की गई है। एनसीएपी, अभिज्ञात किए गए 131 शहरों की राष्ट्रीय, राज्य और शहरी स्तर की कार्य योजनाओं को तैयार करने और कार्यान्वयन पर केंद्रित है।

एनसीएपी के तहत, 131 अभिज्ञात शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु शहरों द्वारा शहरी कार्य योजनाओं के रूप में स्रोत विभाजन और उत्सर्जन सूची का अध्ययन करके प्रदूषण और स्रोतों के योगदान का अनुमान लगाया जाना आवश्यक है। इन 131 शहरों में से, 37 शहरों ने स्रोत विभाजन और उत्सर्जन सूची अध्ययन को पूरा किया है। 72 शहरों ने अध्ययन शूरू किया है और 22 शहरों ने उक्त अध्ययनों के संचालन के प्रस्तावों की शुरुआत की है।

वर्ष 2018 में दिल्ली/एनसीआर में किए गए हाल ही के अध्ययनों के माध्यम से अभिज्ञात विभिन्न क्षेत्रों के स्रोत योगदानों से संकेत मिलता है कि औद्योगिक प्रदूषण पीएम़10 ओर पीएम2.5 सांद्रताओं में क्रमश: 27% और 30% का योगदान देता है। सड़क, निर्माण और धूल-मिट्टी पीएम10 और पीएम2.5 सांद्रताओं में क्रमश: 25 प्रतिशत और 17 प्रतिशत का योगदान देता है। परिवहन क्षेत्र पीएम10 और पीएम2.5 सांद्रताओं में क्रमश: 24% और 28% का योगदान देता है। हांलाकि, विशिष्ट योगदान शहर की स्थलाकृति और वहां मौजूद प्रदूषण के स्रोतों पर निर्भर करता है।

एनसीएपी के तहत, 18 राज्यों ने राज्य कार्य योजनाओं को तैयार किया है और 24 राज्यों के 131 शहरों ने संबंधित राज्यों और शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु उपाय करने के लिए शहर कार्य योजना तैयार की है। इस संबध में, स्वच्छ वायु कार्य योजनाओं को लागू करने के लिए शहरों को धन उपलब्ध कराया गया है। एनसीएपी के तहत जारी निधियों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों की स्थापना और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार विभिन्न उद्योगों पर लगाई गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का विवरण **अनुबंध-II** में संलग्न है।

*****

**अनुबंध I**

**वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक के दौरान एनसीएपी के तहत वायु गुणवत्ता सुधार उपाय करने हेतु प्रदान की गई धनराशि का राज्य-वार विवरण**

| **क्रमांक** | **राज्य** | **कुल योग (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| 1 | असम | 33.56 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 310.68 |
| 3 | चंडीगढ़ | 23.05 |
| 4 | छत्तीसगढ | 246.71 |
| 5 | गुजरात | 793.7 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 14.31 |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | 51.03 |
| 8 | झारखंड | 279.44 |
| 9 | कर्नाटक | 564.96 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 599.09 |
| 11 | महाराष्ट्र | 1684.32 |
| 12 | ओडिशा | 54.38 |
| 13 | पंजाब | 208.15 |
| 14 | राजस्थान | 529.57 |
| 15 | तमिलनाडु | 493.89 |
| 16 | तेलंगाना | 459.9 |
| 17 | उत्तर प्रदेश | 1333.94 |
| 18 | उत्तराखंड | 39.09 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 776.67 |
| 20 | बिहार | 317.16 |
| 21 | नागालैंड | 10.4 |
| 22 | मेघालय | 3.23 |
| 23 | दिल्ली | 33.75 |
| 24 | हरियाणा | 54.3 |
| कुल | | **8915.28** |

*निधि में 15वें वित्त आयोग का वायु गुणवत्ता निष्पादन अनुदान शामिल है।

अनुबंध-II

**ऐसे उद्योगों का विवरण जिन पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई गई है**

| क्र.सं. | उद्योग का नाम | लगाई गई क्षतिपूर्ति (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | मैसर्स अमरज्योत केमिकल कॉर्पोरेशन, एन-211/2/3, एमआईडीसी, तारापुर, जिला-ठाणे, पालघर-401501, महाराष्ट्र | 23,60,000/- रुपये |
| 2. | मैसर्स न्यारा एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में एस्सार ऑयल लिमिटेड) (रिफाइनरी डिवीजन), जामनगर-ओखा हाईवे, वाडीनार गांव, जिला द्वारका-361305, गुजरात | 61,20,000/- रुपये |
| 3. | मैसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (गुजरात रिफाइनरी), पीओ जवाहरनगर, वडोदरा-391320, गुजरात | 21,60,000/- रुपये |
| 4. | मैसर्स मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, मनाली, माधवरम तालुक, जिला तिरुवल्लूर 600060, तमिलनाडु | 1,93,20,000/- रुपये |
| 5. | मैसर्स तेल और गैस निगम लिमिटेड, (तातीपका मिनी रिफाइनरी), नगरम, मामिदिकुदुरुमंडल, पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश - 533247 | 73,20,000/- रुपये |
| 6. | मैसर्स दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, के-1 से के-8, एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया, तलोजा जिला-रायगढ़-410208, महाराष्ट्र | 67,80,000/- रुपये |
| 7. | मैसर्स हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई रिफाइनरी, बी.डी. पाटील मार्ग, माहुल, चेंबूर, मुंबई-400 074, महाराष्ट्र | 25,20,000/- रुपये |
| 8. | मैसर्स विविड ग्लोबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, प्लॉट नं. डी-21/1, एमआईडीसी तारापुर तालुक, जिला पालघर, महाराष्ट्र-401506 | 36,00,000/- रुपये |
| 9. | राठी डाई केम प्रा. लिमिटेड, प्लॉट नंबर 40, एमआईडीसी, धताव रोहा, जिला रायगढ़ -402116, महाराष्ट्र | 46,40,000/- रुपये |
| 10. | मैसर्स नर्मदा बायो-केम लिमिटेड, प्लॉट नंबर 268, गांव कल्याणगढ़, बावला-बगोदरा नेशनल हाईवे, बावला, अहमदाबाद-386470, गुजरात | 18,40,000/- रुपये |
| 11. | मैसर्स चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड,<br>मनाली गांव, माधवरम तालुक, तिरुवल्लूर जिला, तमिलनाडु - 600068 | 74,70,000/- रुपये |
| 12. | मैसर्स न्यूट्रा स्पेशलिटीज प्रा. लिमिटेड<br>(वर्तमान में मैसर्स वेंकटनारायण एक्टिव इंग्रेडिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड), चंद्रपड़िया (वी), विंजामुर (एम), एसपीएसआर नेल्लोर जिला - 524228, ए.पी. | 37,20,000/- रुपये |
| 13. | मैसर्स बायोकेमिकल एंड सिंथेटिक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 11-6-2029, फेज- II, एसवीसीआईई बालानगर, हैदराबाद, तेलंगाना - 500037 | 20,70,000/- रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| **14.** | मैसर्स पंजाब अल्कलीज़ एंड केमिकल्स लिमिटेड, नांगल - ऊना रोड, नया नांगल, जिला रोपल, पंजाब - 140126 | 31,80,000/- रुपये |
| **15.** | मैसर्स गेल (इंडिया) लिमिटेड, पाता पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, जिला औरैया, उ.प्र. - 206241 | 37,12,500/- रुपये |
| **16.** | मैसर्स ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड, लेपेटकाटा, डिब्रूगढ़, असम - 786006 | 61,70,000/- रुपये |
| **17.** | मैसर्स गेल (इंडिया) लिमिटेड, गेल कॉम्प्लेक्स, विजयपुर, जिला गुना, मध्य प्रदेश - 473112 | 8,70,000/- रुपये |
| **18.** | मैसर्स आई.जी. पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, प्लॉट नंबर 2, तलोजा औद्योगिक क्षेत्र, एमआईडीसी, तलोजा, जिला रायगढ़, महाराष्ट्र - 410208 | 81,37,500/- रुपये |
| **19.** | मैसर्स असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, नामरूप, पी.ओ. परबतपुर, जिला- डिब्रूगढ़, असम - 786623 | 1,03,20,000/- रुपये |
| **20.** | मैसर्स नोवा डाईस्टफ इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, प्लॉट नंबर 251, जीआईडीसी, पांडेसरा, सूरत, गुजरात | 1365000/- रुपये |
| **21.** | मैसर्स डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, डालमियापुरम, तमिलनाडु, | 5,40,000/- रुपये |
| **22.** | बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, यूनिट सतना सीमेंट लाइन-2 बीवीसी प्लांट | 8,70,000/- रुपये |
| **23.** | मैसर्स जेके सीमेंट वर्क्स, गांव-कैलाशनगर निम्बाहेड़ा, जिला-चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312617 | 19,50,000/- रुपये |
| **24.** | मैसर्स डायमंड सीमेंट्स- क्लिंकराइजेशन यूनिट, हीडलबर्ग सीमेंट्स इंडिया लिमिटेड, नरसिंहगढ़, दमोह, मध्य प्रदेश | 15,00,000/- रुपये |
| **25.** | मैसर्स श्री सीमेंट लिमिटेड (यूनिट: III) ग्राम- रास, पाली, राजस्थान | 25,80,000/- रुपये |
| **26.** | मैसर्स जे के सीमेंट वर्क्स, मांगरोल, सी/ओ कैलाशनगर निम्बाहेरा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312617 | 20,10,000/- रुपये |
| **27.** | मैसर्स श्री सीमेंट लिमिटेड (यूनिट 1) बांगुर नगर, ब्यावर, राजस्थान, | 4,20,000/- रुपये |
| **28.** | मैसर्स श्री सीमेंट लिमिटेड, रास गांव के पास, जिला पाली, राजस्थान (वी-एक्स इकाइयां) | 17,40,000/- रुपये |
| **29.** | मैसर्स एसीसी लिमिटेड, चाईबासा सीमेंट वर्क्स, चायबासा, झारखंड, | 35,40,000/- रुपये |
| **30.** | मैसर्स एसीसी लिमिटेड, जामुल सीमेंट वर्क्स, दुर्ग, छत्तीसगढ़ | 35,70,000/- रुपये |
| **31.** | मैसर्स एसीसी लिमिटेड, सीमेंट नगर बरगढ़, ओडिशा, | 36,60,000/- रुपये |
| **32.** | मैसर्स अंबुजा सीमेंट लिमिटेड (यूनिट: सुली) गांव- सुली, पी.ओ. दारलाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश | 34,80,000/- रुपये |
| **33.** | मैसर्स जेपी रीवा प्लांट, जेपी नगर, रीवा, मध्य प्रदेश-486450 | 11,40,000/- रुपये |
| **34.** | मैसर्स एसीसी लिमिटेड, लखेरी सीमेंट वर्क्स, लखेरी, जिला-बूंदी, राजस्थान | 34,20,000/- रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| **35.** | मैसर्स बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, डिस्टिलरी डिवीजन पलिया कलां लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश | 58,20,000/-/- रुपये |
| **36.** | मैसर्स बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, डिस्टिलरी डिवीजन गोला गोकरनाथ, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश | 1,96,20,000/- रुपये |
| **37.** | मैसर्स विशाल पेपर टेक इंडिया लिमिटेड, डेराबस्सी, एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब | 22,50,000/- रुपये |
| **38.** | मैसर्स तिरुपति स्टार्च एंड केमिकल लिमिटेड, धार, मध्य प्रदेश | 27,90,000/-रुपये |
| **39.** | मैसर्स चड्ढा शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गांव - किर अफगाना, बटाला, गुरदासपुर, पंजाब -413505 | 41,70,000/-रुपये |
| **40.** | मैसर्स सदाशिवराव मंडलिक कागल तालुका सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड; सदाशिवनगर, हमीदवाड़ा-कौलेज, तालुका-कागल, जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र-416235 | 6,00,000/-रुपये |
| **41.** | मैसर्स सहकर्मा महर्षि भाऊसाहेब थोरात एस.एस.के. लिमिटेड; (पूर्व में संगमनेर (भाग) एसएसके लिमिटेड के नाम से जाना जाता था): अमृतनगर पोस्ट, ताल संगमनेर, जिला: अहमदनगर, महाराष्ट्र-422606 | 23,10,000/-रुपये |
| **42.** | मैसर्स श्री संत दामाजी एसएसके लिमिटेड, ए/पी-मंगलवेधा, तालुका- मंगलवेधा, जिला- सोलापुर, महाराष्ट्र - 413305 | 18,90,000/-रुपये |
| **43.** | मैसर्स आकृति शुगर मिल्स प्रा. लिमिटेड गांव: तुम्बा, ब्लॉक: साईखेड़ा, तहसील: गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश - 487 661 | 32,70,000/-रुपये |
| **44.** | मैसर्स मधुकर एसएसके लिमिटेड (शुगर यूनिट), ए/पी. जीवराम नगर, न्हावी मार्ग, फैजपुर, तालुका- यवल, जिला- जलगाँव, महाराष्ट्र - 425524 | 23,70,000/-रुपये |
| **45.** | मैसर्स श्री विठ्ठलसाई एसएसके लिमिटेड, राजीव गांधी नगर, मुरुम जिला उस्मानाबाद, महाराष्ट्र -413605 | 2,40,000/-रुपये |
| **46.** | मैसर्स थंडावा को-ऑपरेटिव शुगर लिमिटेड, पायकरावपेटा, विशाखापत्तनम जिला, आंध्र प्रदेश -531126 | 21,90,000/-रुपये |
| **47.** | मैसर्स भैरवनाथ शुगर वर्क्स लिमिटेड, ए/पी विट्ठल, जयवंत नगर, तालुका करमाला, जिला: - सोलापुर, महाराष्ट्र -413203 | 8,70,000/-रुपये |
| **48.** | मैसर्स अथानी शुगर्स लिमिटेड, शाहुवाड़ी इकाई, सोनवाडे, कोल्हापुर, महाराष्ट्र | 7,60,000/-रुपये |